कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांकः–657 /11–सी–FP/UP/Pipeline/149748/2021, लखनऊ, दिनांकः अगस्त 23 ,2022

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

विषयः– जनपद–फतेहपुर के अंतर्गत इन्द्रप्रस्थ गैस लि0 द्वारा चौडगरा–घाटमपुर–भोगनीपुर मार्ग (राज्य मार्ग सं0–46) के किमी0 64.000 से 57.000 के मध्य दांयी पटरी पर एवं जहानाबाद–अमौली मार्ग के किमी0 00.000 से 10.000 के मध्य बांयी पटरी पर कुल लम्बाई 17.000 किमी0 में एच0डी0डी0 तकनीकि/ओपेन ट्रेंच के माध्यम से 12'' (300 एम0एम0) व्यास के कार्बन स्टील गैस पाईप लाईन बिछाने में प्रभावित 0.850 हे0 संरक्षित वनभूमि के बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के संबंध में।

संदर्भः– उ0प्र0 शासन का पत्रांक–158/81–2–2022–800(152)/2022, दिनांक 13.07.2022 एवं वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0 वृत्त, प्रयागराज का पत्रांक–393/15–1, दिनांक 11.08.2022

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने की कृपा करें। उ0प्र0 शासन के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में सैद्वान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है। उक्त सैद्वान्तिक स्वीकृति में निहित शर्तों की बिन्दुवार अनुपालन आख्या वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0 वृत्त, प्रयागराज के उपरोक्त पत्रांक–393/15–1, दिनांक 11.08.2022 द्वारा इस कार्यालय को दिनांक 23.08.2022 को उपलब्ध कराया गया है तथा प्रकरण में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा एन0पी0वी0 की धनराशि एड–हॉक कैम्पा में ऑनलाइन e-payment portal के माध्यम से ई–चालान द्वारा जमा किया गया है, जिसकी पुष्टि संलग्न है।

अतः उक्त पत्र की छायाप्रति सहित बिन्दुवार अनुपालन आख्या ऑनलाइन ''परिवेश'' पोर्टल पर अपलोड कर दो प्रतियों में इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया विषयगत प्रकरण में आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांकः– 657 /11–सी–FP/UP/Pipeline/149748/2021, दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0 वृत्त, प्रयागराज।
2. प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, फतेहपुर।
3. चीफ रिजनल मैनेजर, इन्द्रप्रस्थ गैर लि0, 808–810, 8वां फ्लोर, ए 14/13 कान चैबेंर सिविल लाइन्स, कानपुर।

(अनुपम गुप्ता)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-1015